समाचार

# रथयात्रा में रथ को खींचकर पुण्य लाभ लिया महापौर ने

## (दादरखुर्द में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित हुई भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा)



कोरबा 04 जुलाई 2019—महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने दादरखुर्द में आयोजित भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा में शामिल होकर भगवान के रथ को खींचा, झाडू बुहारी, पूजा अर्चना की तथा नगर के सर्वांगीण विकास व आमनागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर सभापति धुरपाल सिंह कंवर, जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक चावलानी, पूर्व सभापति संतोष राठौर, एम.आई.सी.सदस्य सीताराम चौहान, पार्षद महेन्द्र सिंह चौहान एवं विनीता द्विवेदी, सपना चौहान, कुसुम द्विवेदी, कृष्णा द्विवेदी आदि ने भी भगवान के रथ को खींचा तथा मंगल कामनाएं की।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत स्थित वार्ड क्र. 31 दादरखुर्द में भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा का भव्य आयोजन किया गया, इस रथयात्रा के आयोजन में नगर निगम कोरबा की ओर से 02 लाख रूपये का अनुदान भी दिया जाता है। आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल रथयात्रा में शामिल हुई, उन्होने भगवान के रथ को खींचकर आगे बढ़ाया तथा रथ के रास्ते में झाडू बुहारी, इसके पूर्व उन्होने मंदिर में पूजा अर्चना की तथा नगर के अमनचैन व आमनागरिकों की सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर उन्होने कहा कि दादरखुर्द में प्रतिवर्ष रथयात्रा का यह सुंदर व भव्य आयोजन होता है, जिसके लिए मैं आयोजन समिति को धन्यवाद देती हूँ, मंगल कामना करती हूँ। उन्होने कहा कि इस आयोजन में निगम की ओर से 02 लाख रूपये का अनुदान दिया जाता है, आगे जो भी सहयोग आवश्यक होगा, निगम अवश्य प्रदान करेगा।